एक नजर में

भारत जैसा देश माता का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकता, जनता जवाब देगी : चिटनिस

बुरहानपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माताजी के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की मौजूदगी में बिहार के दरभंगा में अपशब्द कहे जाने पर विधायकए पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अर्चना चिटनिस ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के मंच से जिस प्रकार प्रधानमंत्री जी की माताजी को अपशब्द कहे गए, वह एक मां का नहीं देश की सभी मातृशक्ति का अपमान है। कांग्रेस के नेता ओछी मानसिकता का शिकार हो गए हैं। मातृशक्ति को अपमानित करने वाले शब्द कहने वाले व्यक्ति के खिलाफ कांग्रेस ने कोई कार्रवाई नहीं करके साबित कर दिया कि वह माताओं.बहनों का अपमान करने वाले के साथ खड़ी है। कांग्रेस.आरजेडी ने बिहार की सांस्कृतिक विरासत और परंपरा को बदनाम किया है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को अविलंब इस कृत्य के लिए माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव सहित इंडी गठबंधन के नेताओं को ये हजम नहीं हो रहा है कि एक गरीब मां का बेटा देश के प्रधानमंत्री पद पर कैसे आसीन है और कैसे देश की जनता ने उन्हें अपने दिलों में बिठाया हुआ है। इसीलिए बौखला, हुए कांग्रेस नेता लगातार अपशब्दों का प्रयोग करते आ रहे हैं। मां जानकी की पावन धरा पर भारत की मातृशक्ति के अपमान का दुस्साहस कांग्रेस और आरजेडी ने किया है। इस कुकृत्य की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है।

सुश्री अश्विनी चौधरी को पीएचडी उपाधि

बुरहानपुर। हिंदी साहित्य जगत् के सप्रसिद्ध, लेखक, सम्पादक, साहित्यकार डा.सुरेन्द्र कुमार जैन,अध्यक्ष .हिंदी विभाग एवं हिंदी शोध केन्द,सेवासदन महाविद्यालय के निर्देशन में सुश्री अश्विनी चौधरी महाजन को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर ने हिंदी छंद यात्रा में दोहा के बदलते कथ्य का विश्लेषणात्मक अध्ययन डा.जय जय राम आनंद द्वारा रचित कथ्य के विशेष संदर्भ में, विषय पर डॉक्टर आफ फिलासफी पीएचडी की उपाधि प्रदान की। लगभग चार वर्ष की साहित्य शोध साधना के बाद उनके द्वारा लिखित शोध प्रबंध पर उन्हें यह उपाधि प्राप्त हुई है। डॉक्टर ऑफफिलॉसफी उपाधि प्राप्त होने पर सुश्री अश्विनी चौधरी महाजन को सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्र सिंह ठाकुर,सचिव हसमुख लाल जरीवाला, जाकिर हुसैन अकेडमी के डायरेक्टर डॉ.वीरेन्द्र निर्झर, मनीष पटेल प्राचार्य डा.एस. एम. शकील, डा. उर्मिला चौकसे,प्रो.शशिकांत दुबे,डॉ.सुनील दीक्षित,डॉ.अभिलाषा पांडेयए प्रो. सोनाली चौधरी, प्रो.स्वाति गुप्ता,इन्द्रा जैन,ज्योति पवार,वासुदेव खर्चे,पूजा छत्रे,राजेश जैन पटवारी,विमल कुमार पाटनी आदि बुद्धिजीवियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

संजय सिंह गहलोत बने संभागीय सचिव ,दी बधाइयां

बुरहानपुर। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का संभागीय सचिव संजय सिंह गेहलोत को बनाया गया हैं। उपरोक्त जानकारी देते हुए कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेशनल मूवमेंट ऑफओल्ड पेंशन स्कीम भोपाल के प्रांतीय संयोजक ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने बताया कि राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, महामंत्री जितेंद्र सिंह, दिलीप इंगले, संजय चौधरी की अनुशंसा पर मध्य प्रदेश लिपिक वर्गी के पूर्व उपाध्यक्ष ,संयुक्त मोर्चा के पूर्व संयोजक संजय सिंह गहलोत के संगठन के प्रति सक्रियता निष्पक्षता एवं कर्मचारी हित में लगातार कार्य किए जाने के उपरांत मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का संभागीय सचिव बनाया गया। इस अवसर पर उन्हे बधाई देने वालों में शिक्षक संघ के संजय राऊत, अमर पाटील, धनराज पाटील, राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक ठाकुर अरविंद सिंह, संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशफाक खान, शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र चौकसे, नेशनल मूवमेंट के अनिल बाविस्कर, बृजेश राठौर,प्रमिला सगरे ,कल्पना पवार,मंडी कर्मचारी महासंघ के सदानंद भाई,श्रीकांत गंगराड़े, स्थाई कर्मचारी संघ के हीरालाल प्रजापति,वन विभाग के योगेश सबकारे, आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की श्री मंजू ठाकुर,शाहिद बानो ने बधाई प्रेषित कर उनके मंगलमय जीवन की कामना कीऔर अपेक्ष की है कि वे कर्मचारी हित में सतत कार्य करते रहेगें, कर्मचारियों की समस्या को हल करते रहे ।

जिले के प्रसिद्ध विराजमान लालबाग के राजा

बुरहानपुर। बुरहानपुर जिले के प्रसिद्ध विराजमान लालबाग के राजा। जिसमें क्षेत्र में सभी गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। समिति द्वारा विशेष श्रृंगार कर भक्तों का वही प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रविवार को बाप्पा को चांदी का हाथ चढाया गया जो 2 किलोग्राम का है। मनमोह लिया। इस वर्ष भी गणेश प्रतिमा सांवरिया सेठ के रुप में स्थापित की है। वही समिति द्वारा अपनी अलग पहचान भक्तों के बीच में बनाई जाती है समिति द्वारा गणेश उत्सव भी मुंबई के तर्ज पर लालबाग के राजा विराजमान उसी आधार पर बुरहानपुर में भक्तों का यहां दर्शन के लिए तांता लगा रहता है। समिति द्वारा उत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

जरूरतमंदों के लिए दमनजीत कीर ने किया रक्तदान

बुरहानपुर। रक्तदान महादान के उद्देश्य से आज कीर परिवार से अपने जन्मदिन पर दमनजीत सिंह कीर ने जरूरतमंदो के लिए रक्तदान किया ताकि उसके खून की कमी को दूर किया जा सके दमनजीत सिंह कीर कांग्रेस नेता एक समाजसेवी शैली कीर एवं खुशी के पल संस्था की संयोजीका श्रीमती हरप्रीत कीर के पुत्र हैं और वह अपने और अपने परिवार के सदस्यों के जन्मदिन पर जरूरतमंदों की किसी न किसी प्रकार से सेवा करते हैं उसी उद्देश्य से यह कार्य किया गया है श्री कीर ने आगे बताया कि सभी समाज के लोगों को वर्ष में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए जिससे कि खून की कमी के कारण हो रही मृत्यु दर को कम किया जा सके । हमारे देश में रोजाना कई लोगों को खून की आवश्यकता पड़ती है और इसकी कमी के कारण कई लोगों को अपनी जान तक गवानी पड़ जाती है इसलिए देश के प्रत्येक नागरिकों का कर्तव्य हैं कि हम अपने जीवन में प्रतिवर्ष एक बार रक्तदान अवश्य करें कार्यक्रम में खुशी के पल संस्था की संयोजीका हरप्रीत शैली कीर एवं अन्य उपस्थित थे।

ज्ञापन में मांग : जीतू पटवारी की सुरक्षा बढ़ाई जाए

जीतू पटवारी पर रतलाम में हुए कायराना हमले के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर रतलाम में हुए कायराना हमले के विरोध में आज जिला कांग्रेस कमेटी बुरहानपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कांग्रेस ने मांग की की जीतू पटवारी की सुरक्षा तत्काल बढ़ाई जाए।

कांग्रेसजनों ने कहा कि पटवारी जी ने प्रदेश में नशे के कारोबार का खुलासा कर भाजपा नेताओं के नाम सामने लाए हैं। एक तरफ प्रदेश सरकार नशा मुक्त मध्यप्रदेश की बात करती है,वहीं दूसरी तरफसरकार के ही मंत्री और उनके सहयोगी शराब और नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त हैं। इस हमले के पीछे शराब माफियाओं की गहरी साजिश प्रतीत होती है।

इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिंकु टॉक, ग्रामीण जिलाध्यक्ष रविन्द्र महाजन, हामिद क़ाज़ी,ठाकुर सुरेंद्रसिंह, संजय चौकसे, अनिता यादव,सलीम कोटनवाला, राकेश खत्री,निखिल खंडेलवाल, मुज्जु मीर, शाहिद बंदा, ज़हिर अब्बास, हामिद डाइमंड, फरीद काज़ी, श्रीमती सरिता भगत, श्रीमती मीनाक्षी महाजन, हुमेर क़ाज़ी, वसीम बक्स, शहज़ाद नूर, देवेश्वर ठाकुर, आशीष भगत,अरुण महाराज, शेख अफ़ज़ल, शेख आरिफ़ रफ़ीक़ मंसूरी, असलम खान उपस्थिता थे।

हाथ में वीणा ज्ञान और चेतना के प्रतीक प्रतापपुरा समिति के श्री गणेशजी दर्शन करने भक्तों का तांता

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। प्रतापपुरा, सिलमपुरा, महर्षिदयानंद की त्रिवेणी पर तत्कालीन क्षेत्र के वरिष्ठों का साथ और सहयोग से बाल गोपालो द्वारा बीसवीं सदी के 1976 से आज तक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की परंपरा का निर्वहन करते राणा प्रताप के नाम को चरितार्थ करते हुए प्रताप उत्सव समिति तब से अब तक नाम भी चला आ रहा है आज सन 2025 तक श्री गणेशजी आज की पीढ़ी अखंड निर्बाध रूप से स्थापना स्वर्ण जयंती वर्ष 50 में प्रवेश कर रहे है,इस वर्ष गणेशजी हाथ में वीणा लिये ज्ञान और चेतना का प्रतीक है।इस पुण्य कार्य में क्षेत्र के भक्त जनो, मातृशक्ति,युवाओं ने भरपूर सहयोग किया। इसी तारतम्य में प्रताप उत्सव समिति द्वारा एक वाट्स एप ग्रुप भी संचालित किया जाता है जिसमे देश,विदेश ,प्रांत परप्रांत के भाविक भक्तजन शामिल हैं।ग्रुप द्वारा क्षेत्र तथा देशध्विदेश की धार्मिक, सामाजिक गतिविधियां होती है। बिजली,पानी,स्वच्छता संबंधित सूचनाएं प्रकाशित होती हैं।

सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे,तत्काल करे सुधार

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। मुख्य बस स्टैंड पर रोड पर जान लेवा खडडे हो गए है। रोड से दिन भर हजारो.छोटे- बड़े वाहन गुजर रहे है। कईबाइक सवार इस खड़डे मे गिर चुके है। गिट्टी व मुरुम के डम्पर एंव ट्रेक्टर भर भर के ले जाए जा रहे है। लेकीन किसी ने नहीं सुध ली। इस खडडे पर गिट्टी मुरुम डालकर बराबर किया जायेण। हाल ही में अनंत चतुर्थी के रोज गांव के गणेश विसर्जन होने वाला है। सभी गणेश मंडलो की गणेश जी मूर्ती इसी मार्ग से विसर्जन के लिए जायेगी। लोक निर्माण विभाग इस ओर अपना ध्यान आकर्षित करने की पहल करे ।

गणेश पंडालों में विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान,प्लास्टिक मुक्ति का संदेश

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव के निर्देशन में सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा आईईसी टीम के माध्यम से शहर में स्थित श्री गणेश पंडाल में प्रतिदिन नागरिको स्वच्छता संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत नागरिको को सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान के बारे में बताया जा रहा है और उसके विकल्प की जानकारी देकर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है,गणेश पंडालों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही करने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है,इसमे नागरिको को अपने घर से निकलने वाले चार प्रकार का गिला.सूखा,सेनेटरी वेस्ट, घरेलू हानिकारक कचरे को अलग.अलग रखकर निगम द्वारा चलाई जा रहे कचरा वाहन में अलग.अलग डालने की भी समझाइश दी जा रही है।

निगम द्वारा शहर में गणेश पंडालों पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग नही करने के लिए बैनर भी लगाए गए है जो पूर्णत: प्रेबिक कपड़े से बने हुए है,इस गतिविधि में वार्ड पार्षद के साथ मे वार्ड के नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित होते है । नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गणेश उत्सव के अवसर पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। निगम क्षेत्र अंतर्गत स्थापित सभी गणेश पंडालों में साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन एवं प्लास्टिक उपयोग पर नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं । प्रत्येक गणेश पंडाल में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए, श्रमदान के माध्यम से पंडाल की दैनिक साफसफाई सुनिश्चित की जाए,सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहे और प्रत्येक पंडाल एवं उसके आसपास डस्टबिन की अनिवार्य व्यवस्था की जाए।

सहायक आयुक्त वर्मा ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल गणेश उत्सव मनाना है। इसके लिए सभी पंडाल समितियों एवं नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने आमजन से यह अपील कर कहा कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दें तथा स्वच्छ शहर बने इसलिए सभी भागीदार बने।

आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु पुलिस का फ़्लैग-मार्च

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेशए एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के नेतृत्व में आज दिनांक 02/09/25 को पुलिस फ़ोर्स द्वारा शहर के थाना क्षेत्रों से होते हुए निकाला गया फ़्लैग.मार्च । फ्लैग. मार्च थाना शिकारपुरा से प्रारंभ होकर रियाज पहलवान की होटल, शिकारपुरा चौकी, शंकर टॉकीज, तिलक चौराहा, पांडूमल चौराहा, कमल तिराहा, गांधी चौक,सुभाष चौक होते हुए पुलिस कंट्रोल रूम बुरहानपुर में समाप्त हुआ।

फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश,नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल , डीएसपी प्रीतम सिंह ठाकुर,उमेश तिवारी, रक्षित निरीक्षक सुनील दीक्षित थाना प्रभारी कोतवाली सीताराम सोलंकी, थाना प्रभारी शिकारपुरा कमल पवार, गणपति नाका सुरेश महाले,थाना लालबाग अमित जादौन, यातायात थाना प्रभारी राजेश बारवाल , निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान, निरीक्षक हरिसिंह रावत, सूबेदार नागेंद्र सिंह ठाकुर एवं चारों थानों के बनाए गए । एसपीओ विशेष पुलिस अधिकारी एवं शहर के थानो का पुलिस बल,सम्मिलित रहा। पुलिस कि आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या भड़काऊ जानकारी साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है,तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

हिंसक सौंदर्य प्रसाधनों से काया प्रदूषित होती है, जीव हिंसा भी : प्रो . जैन

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। दसलक्षण महापर्व में जैन विद्या एवं प्राकृत शोध संस्थान के अंतर्गत आयोजित व्याख्यान माला के षष्ठ दिवस उत्तम संयम धर्म की चर्चा करते हुए प्रो.सुरेन्द्र जैन भारती ने कहा कि अपने जीवन को अनुशासित करना संयम की प्रथम शर्त हैण्हमें हिंसा का मार्ग त्याग कर अहिंसक आचरण करना चाहिए,आज जो महिलाए पुरुष हिंसक सौंदर्य प्रसाधनों का उपयोग करते हैं वह अपनी काया को प्रदूषित करते हैं,साथ में जीव हिंसा भीण्हमारे जीवन में हिंसा और हिंसक साधनों ने इतना प्रवेश पा लिया है कि अहिंसा सिसकती हुई नजर आती है,प्रत्येक जीव को स्पर्शन, रसना, घ्राण,चक्षु और कर्ण इंद्रिय विषयों पर संयम रखना चाहिए,तथा त्रस एवं स्थावर रूप छह प्रकार के जीवों की रक्षा का संकल्प लेकर संयम रखना चाहिए। अहिंसा,सत्य, अचौर्य,अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य रूप व्रत को धारण करना चाहिए। इससे जीवन में संयम का प्रवेश होता हैण्आज म सभी जैन मंदिरों में प्रात: अभिषेक,शांति धारा 24 तीर्थंकरों की आराधना तथा दस धर्म की उपासना की गई।

अरिहंत पाटनी ने की पांच उपवास की आराधना :-समाजसेवी श्री विमल जैन पाटनी एवं श्रीमती अंजली जैन पाटनी के सुपुत्र तथा पार्श्व ज्योति मंच के संरक्षक युवाधर्मी श्री अरिहंत जैन पाटनी ने 10 लक्षण महापर्व के प्रथम पांच दिवस सभी प्रकार के अनाज,फलों आदि स, पांच उपवास की पूर्णता पर प्रोफेसर सुरेन्द्र जैन भारती के निर्देशन में अभिषेक,शांति धारा,जिनेंद्र भगवान की पूजन कर श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के लिए अष्ट द्रव्य, पूजा उपकरण,वस्त्र,जिनवाणी एवं रजत ठोना प्रदान कर उद्यापन किया। इस अवसर पर बहिन मोनिका मिलन झांझरी,बडोदरा,पार्श्व ज्योति मंच के अध्यक्ष राजेश जैन पटवारी,पवन जैन ठोलिया,दिलीप पहाड़िया,दिलीप कासलीवाल संदीप ठोलिया पंकज जैन आदि ने उपवास कर्ता का अभिनंदन किया।

शिकायत : युवती से शारीरिक संबंध बनाकर शादी से मुकरा युवक ,मांगा 5 लाख दहेज

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। जनसुनवाई में एसपी ऑफिस पहुंची। उसने एक युवक पर प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा देने,फर्जी सहमति पत्र पर साइन कराने,बार.बार रेप करने और अश्लील वीडियो बनाकर धमकाने का आरोप लगाया है। यह भी बताया कि तय तारीख पर बारात न लाकर युवक ने विवाह से इनकार कर दिया और 5 लाख रुपए दहेज की मांग की। शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि साल 2023 में एक निजी अस्पताल में उसकी युवक से मुलाकात हुई थी। धीरे.धीरे युवक ने उसे प्रेम जाल में फंसा लिया। उसने विवाह का प्रस्ताव दिया और माता.पिता से भी मुलाकात की। फिर एक सम्मेलन में निकाह कराने की बात कहकर कुछ कोरे स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर करवा लिए। इसके बाद मार्च 2025 में जब युवती की मां घर पर नहीं थींए तो युवक ने जबरन शारीरिक संबंध बनाए। उसने वीडियो भी बना लिया और बाद में इसी वीडियो का इस्तेमाल कर उसे ब्लैकमेल करता रहा। पीड़िता ने बताया कि युवक ने भरोसा दिलाया कि वह उसे मुंबई में अच्छी नौकरी दिला सकता है। मई 2025 में वह उसके साथ मुंबई गई,जहां एक निजी अस्पताल में नौकरी शुरू की। लेकिन वहां भी युवक ने लगातार शारीरिक संबंध बनाए और विरोध करने पर अश्लील वीडियो दिखाकर डराता रहा। परेशान होकर वह जून 2025 में वापस बुरहानपुर लौट आई।

मंगनी हुई किन्तु बारात नहीं आई:-युवती की मां को जब मामले की जानकारी हुई तो बदनामी के डर से उन्होंने अपने खर्च पर युवक के साथ मंगनी कर दी। शादी की तारीख 31 अगस्त तय हुई और कार्ड भी छपवाए गएए लेकिन निर्धारित दिन युवक बारात लेकर नहीं आया। जब संपर्क किया गया तो युवक और उसके परिजनों ने 5 लाख रुपए दहेज की मांग कर दी। इसके बाद उन्होंने शादी से इनकार कर दिया। युवती ने इस मामले की शिकायत गणपति नाका थाने में की,उसका आरोप है कि वहां उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसके बाद वह मंगलवार को जनसुनवाई में अपनी मां के साथ एसपी आशुतोष बागरी के पास पहुंची और पूरी आपबीती सुनाई।

कठोर कार्रवाई की मांग :-युवती ने आरोपी के खिलाफएफआईआर दर्ज कर उसके खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले में सभी कानूनी पहलुओं की जांच की जा रही है और जल्द उचित कदम उठाए जाएंगे।

करेगें कार्यवाही :- एसपी आशुतोष बागरी ने बताया कि युवती अपनी मां के साथ शिकायत लेकर आई थी। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि दोनों मुंबई में साथ रहे हैं और एक एग्रीमेंट साइन किया गया है। उस एग्रीमेंट की जांच कराई जा रही है कि उसमें क्या लिखा है। विवाह कोई एग्रीमेंट से नहीं होताए उसकी प्रक्रिया न्यायालय के माध्यम से होती है। हम सभी दस्तावेज देख रहे हैं और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

वन प्रबंधन समितियों की जिला स्तरीय बैठक

नवभारत न्यूज,

ईच्छापुर। ग्राम ईच्छापुर में संयुक्त वन प्रबंधन के तहत गठीत बन सुरक्षा समिति , ग्राम वन समितियों के अध्यक्षों की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई पर्यावरण संरक्षण,घन सुरक्षा सम्पूर्ण बुरहानपुर जिले की वन भूमी पर आई आई अतिक्रमण रूपी बाढ, एवं वन भूमी पर अवैध रुप से अतिक्रमण की निरंतरता को रोकने के लिये वन विभाग एवं ग्राम वासीयों में आपसी तालमेल,वन अधिकार अधिनियम 2005 के बाद कीये गये अतिक्रमण को खाली कराकर बनों पर के दावों को निरस्त करने की मांग शासन के सामने प्रस्तुत करना । इसी के साथ.साथ वन समितियों को और सशक्त बनाने पर विचार विमर्श किया गया है। इस आशय का एक ज्ञापन तैयारकर प्रदेश के वन मंत्री को जिसका प्रभार मुख्यमंत्री के पास है को अवगत कराया जावें। इस बैठक में चांदनी,सिवल, घाघरला,जम्बूपानी, खेडा ,चौडी, झापडपूरा, निम्ना, नावथा आदि समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्यों की उपस्थिति रही ।

एक नजर ▶ **घाघरला में गरबा आयोजन . 13 घंटे तक लगातार चला गरबा महोत्सव**

17 टीमों ने लिया भाग, रात 12 बजे से शुरू हुआ आयोजन दूसरे दिन दोपहर तक लगातार चला

नवभारत न्यूज, नेपानगर । जिले के ग्राम घाघरला में आयोजित गरबा महोत्सव ने इस बार इतिहास रच दिया। सोमवार आधी रात 12 बजे से शुरू हुआ ये भव्य आयोजन मंगलवार दोपहर 1 बजे तक लगातार 13 घंटे चलता रहा। हजारों दर्शकों की भारी भीड़ इस अद्भुत नजारे की गवाह बनी।

गांव की श्री गणेश मित्र मंडल समिति द्वारा आयोजित इस गरबा महोत्सव में कुल 17 टीमों ने भाग लिया। खास बात यह रही कि सिर्फ बुरहानपुर ही नहीं बल्कि मध्यप्रदेश के अलग अलग जिलों से आए गरबा प्रेमियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सबका दिल जीत लिया। यह उत्सव लगातार दूसरे वर्ष आयोजित किया गया। आयोजकों के मुताबिक ग्रामीण अंचल में पहली बार इतना भव्य और ऐतिहासिक आयोजन हुआ जिसने परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम पेश किया। झिलमिलाती लाइटों, रंगए बिरंगे परिधानों और ढोल, ढमाकों की गूंज के बीच जब प्रतिभागियों ने गरबे की प्रस्तुति दी तो पूरा माहौल भक्ति और उत्साह से सराबोर हो उठा। दर्शकों का जोश भी देखते ही बनता था। देर रात से लेकर दोपहर तक हजारों की भीड़ मैदान में डटी रही और हर प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। महिलाएं,पुरुष, युवा और बच्चे सभी इस अनोखे गरबा महोत्सव में शामिल होकर इसे यादगार बना गए। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना और युवा पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ना है। वहीं ग्रामीणों ने भी इसे गांव के इतिहास का सबसे बड़ा और यादगार आयोजन बताया।

बरामदे में लग रही आंगनवाड़ी, नया भवन बनाया जाए

नेपानगर। क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य ग्राम बाकड़ी में मूलभूत सुविधाओंए शिक्षा व्यवस्था को लेकर अकसर अनदेखी बरतने की शिकायतें सामने आती है। अब यहां आंगनवाड़ी की छत से पानी टपकने का मामला सामने आया है। इसके कारण यहां कुछ दिनों से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बच्चों को कमरे की बजाए बाहर बरामदे में बैठा रही हैं। जयस संगठन ने मांग की है कि पंचायत और अफसर इस समस्या को गंभीरता से ध्यान में लेकर यहां नए भवन का निर्माण कराए। उन्होंने राजस्थान में एक हादसा कुछ समय पहले ही हुआ था इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से पंचायत को इस तरफध्यान देना चाहिए। बाकड़ी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 3 की कार्यकर्ता कुसुम चौहान ने बताया केंद्र पर 30 से 35 की संख्या में बच्चे आते हैंए लेकिन यहां पर बच्चों को भवन के अंदर बैठने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ता है। भवन के अंदर छत के ऊपर से पानी टपकता है जिससे कि पूरा आंगनवाड़ी भवन पानी से भर जाता है।